QUEEN'S CARMEL SCHOOL
AWAKE ! ARISE ! ACHIEVE !
(AN EXCLUSIVE SCHOOL FOR GIRLS)

Digital Coverage

E-link	https://www.grenonews.com/?p=64161
Website	https://www.grenonews.com/

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्वींस कार्मेल विद्यालय ने वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम यूफोरिया, बच्चियों ने आत्मरक्षा के गुर का किया बेहतरीन प्रदर्शन

December 25, 2022 GRENONEWS TEAM karate, Queens Carmel School, sports

ग्रेटर नोएडा के क्वींस कार्मेल विद्यालय ने अपना वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम "यूफोरिया" को हर्षौल्लास के साथ शनिवार,दिसंबर २४.१२.२२ को आयोजित किया| इस अवसर पर विद्धालय की छात्राओं ने मूल मंत्र "जागरूकता ,जागरण एवम जीत के साथ-साथ खेलकूद, सामाजिकता, सामंजस्य, धेर्य एवम अनुशासन के जरिये प्रस्तुत किया |

इस अवसर पर मुख्य अतिथि चेयरमेन अनिल सचदेवा एवम डायरेक्टर दीपक जैन का स्वागत विद्यालय प्रमुख द्वारा किया गया| कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अनिल सचदेव एवं दीपक जैन ने दीप प्रज्वलित कर के किया | मुख्य अतिथि चेयरमैन ने अपने भाषण से छात्राओं का उत्साह बढ़ाया व उन्हें प्रतियोगिता को खेल भावना के साथ पूरी करने की शपथ दिलाई| विद्यालय प्रमुख श्रीमती संध्या कुमारिया मेम ने अपने संबोधन में मुख्य अतिथि, प्रबुद्ध जनों और अभिभावकों का स्वागत किया एवम् छात्राओं को शुभकामनाएं दी |

कक्षा चार,पांच एवम छह की छात्राओं ने गणेश वंदना पर योग नाट्यम कर मन, मस्तिष्क और आत्मा का परमात्मा से संगम दर्शया| टायक्वोंडो ड्रिल में सभी छात्रोंओ ने अपने प्रशिक्षण के दौरान कोच शिवलक राज से सीखे अपनी आत्मसुरक्षा की प्रतिभा एवं शक्ति का परिचय दिया|

क्वींस विद्यालय की छात्राओं ने पूरे वर्ष लगन और उत्साह से सीखी स्केटिंग प्रतिभा के अपने प्रशिक्षण का अनूठा प्रदर्शन "जय हो गीत" द्वारा किया| स्केट्स पर छात्राओं का शारीरिक, मानसिक संतुलन और उत्साह देखने लायक था| सभी अतिथियों ने तालियां बजाकर उनका हौसला बढ़ाया |

विद्यालय की नर्सरी, केजी की छात्राओं ,थुम्बेलिना,ट्युलिप, लिली, जस्मिने डैफोडिल की छात्राओं ने अपनेनन्हे किन्तु सधे कदमों इ अपनी दौड़ को पूरा किया | कक्षा डैफोडिल ने रेडी तो स्कूल रेस में अपने स्कूल बैग में अपना टिफ़िन बॉक्स, पानी की बोतल, नोटबुक, पेंसिल बॉक्स,और अपनी स्कूल डायरी स्वम् रखकर अपने स्वालंबन का परिचय दिया | कक्षा मेरिगोल्ड की छात्राओ लॉक एंड रन रेस में एक-दूसरे की बाह थाम कर तेज चलने की रेस करी| हॉप एंड बीट रेस में कक्षा तीन की छात्राओं ने बहुत उत्साह से इस रेस में भाग लिया ओर सभी रुकावटों को पार कर ये रस पूरी की | छात्राओ का उत्साह सभी अतिथिओं एवम अभिवावकों ने बढ़ाया| कक्षा चार से छह तक की छात्राओं ने रीले रेस द्वारा अपनी एकता और सामंजस्य को प्रदर्शित किया|

इस अवसर पर विद्यालय प्रमुख मेम ने विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया |

कार्यक्रम के समापन पर अपने संबोधन में विद्यालय की अकादमिक समन्यक श्रीमती शालिनी मिश्रा मेम ने मुख्य अतिथि श्री अनिल सचदेवा, श्री दीपक जैन जी, प्रबुद्ध जनों एवं अभिवावकों को धन्वाद दिया| अपने संबोधन में मेम ने छात्रोंओ एवं सहकर्मियों को कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए धन्यवाद कहा|